गुरू घासीदास विश्वविद्यालय,
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम 2009 कमांक 25 के अंतर्गत स्थापित केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
कोनी,बिलासपुर 495009(छ0ग0)
कार्यालय परीक्षा नियंत्रक
दूरभाष : 07752–260003,260000
ईमेल :controllerofexamsggv@gmail.com वेबसाईट :www.. ggu.ac.in

Guru Ghasidas Vishwavidyalay
entral University established by the central universities Act 2009 No.25 o
Koni, Bilaspur 495009 (G.G.)
Office of the Controller of Examination
PH No. 07752-260003,260000
Email : controllerofexamsggv@gmail.comWebsite: ggu.

कमांक: 178 / परीक्षा / NAD / 2018 बिलासपुर , दिनांक: 04 07 .20

प्रति,

समस्त अधिष्ठातागण, समस्त अध्ययनशालायें,
समस्त विभागाध्यक्षगण, समस्त शैक्षणिक विभाग,
गुरू घासीदास विश्वविद्यालय,
बिलासपुर ( छ.ग.)

**विषय :–** **''राष्ट्रीय शैक्षणिक निक्षेपागार''** ( National Academic Depository) **में विश्वविद्यालय के छात्र / छात्राओं की सुविधा एवं सहभागिता हेतु उन्हें** NAD Portal **पर पंजीकरण एवं** ID **बनाने हेतु प्रेरित करने तथा इससे संबंधित जानकारियाँ / डाटा संलग्न प्रपत्र में परीक्षा शाखा में जमा कराने के संबंध में ।**

महोदय / महोदया,

उपरोक्त विषयांतर्गत जैसा विदित है कि भारत सरकार के अत्यंत महत्वपूर्ण एवं महत्वाकांक्षी कार्यक्रम ''डिजिटल इंडिया'' के एक अंग के रूप में भारत सरकार द्वारा ''राष्ट्रीय शैक्षणिक निक्षेपागार'' ( National Academic Depository) योजना प्रवर्तित की गई है जिसके अंतर्गत विभिन्न छात्र / छात्राओं के शैक्षणिक रिकार्ड / प्रमाण पत्र / उपाधियाँ इत्यादि डिजिटलाईज्ड रूप में 24 घंटे सातों दिन NAD Portal पर उपलब्ध रहेंगे जिन्हें संबंधित छात्र / छात्रायें किसी भी समय NAD Portal पर प्रवेश (Login) कर अवलोकन कर सकते है तथा 27 वर्ष की उम्र तक एक बार निःशुल्क Download कर प्रिंट भी निकाल सकते है । इस सुविधा का छात्र / छात्रा तभी लाभ उठा सकेंगे जब वे NAD Portal पर अपना पंजीकरण कर NAD-ID बनाये तथा पंजीकरण एवं NAD-ID की जानकारी विश्वविद्यालय के परीक्षा शाखा में जमा करें। विश्वविद्यालय की परीक्षा शाखा में जमा होने वाले छात्र / छात्राओं के पंजीकरण एवं NAD-ID की जानकारी उनके शैक्षणिक प्रमाण पत्रों से संबंधित Database में परीक्षा शाखा के द्वारा संयुक्त / स्थापित किया जायेगा और इस प्रकार से संबंधित छात्र / छात्रायें जिनके पंजीकरण एवं NAD-ID की जानकारी NAD के Database में संयुक्त / स्थापित हो जायेगा, वे NAD Portal पर Login कर अपने उन प्रमाण पत्रों (प्रथमचरण में उपाधि प्रमाण पत्र) का डिजिटल रूप में अवलोकन कर सकेंगे जिनके की Data विश्वविद्यालय की परीक्षा शाखा के द्वारा Upload किये जा चुके होंगे । अतः कृपया आपके विभाग में अध्ययनरत् एवं पूर्व छात्र / छात्राओं को National Academic Depository से संबंधित Website www.nad.gov.in के माध्यम से NAD Portal पर पंजीकरण एवं NAD-ID बनाने हेतु अधिक से अधिक संख्या में प्रेरित करने का कष्ट करें ।

NAD Portal पर पंजीकरण एवं NAD-ID स्थापित किये जाने से संबंधित समस्त जानकारियाँ उक्त बेवसाइट पर विस्तार से उपलब्ध है तथा इस पर बहुत ही आसानी से संबंधित छात्र/छात्राओं द्वारा यह कार्य किया जा सकता है । कृपया इस कार्य हेतु उन्हें अधिकाधिक संख्या में प्रेरित करें । कृपया संबंधित छात्र/छात्राओं को यह भी सूचित करें/निर्देशित करें की NAD Portal पर उनके द्वारा किये गये पंजीकरण एवं NAD-ID स्थापित किये जाने से संबंधित जो भी सूचनायें NAD Portal पर उन्हें प्राप्त होगी उनका एक–एक Printout लेकर उसे परीक्षा शाखा में जमा कराने का कष्ट करें । यहां यह स्पष्ट किया जाना आवश्यक है कि NAD की योजना में सुविधा छात्र/छात्राओं को ही प्रदान किया जाना है तथा जब तक संबंधित छात्र/छात्रायें NAD Portal पर अपना पंजीकरण एवं NAD-ID स्थापित करके इससे संबंधित जानकारी परीक्षा शाखा में जमा नहीं करायेंगे तब तक वे इस सुविधा का लाभ नही ले सकेंगे ।

NAD Portal पर जानकारी एवं NAD-ID स्थापित किया जाना अत्यंत आसान है तथा इस कार्य को आधार संख्या के माध्यम से अथवा बिना आधार संख्या के माध्यम से भी किया जा सकता है । NAD Portal पर पहुंच को सुगम करने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा NAD Portal की Link विश्वविद्यालय की Website पर भी संयुक्त की गई है । संबंधित छात्र/छात्रायें विश्वविद्यालय की Website पर उपलब्ध NAD Portal के Link के माध्यम से भी इसकी Website पर पहुंच सकते है ।

आपको यह भी सूचित करना है कि गुरू घासीदास विश्वविद्यालय भारत सरकार के द्वारा प्रवर्तित उक्त कार्यक्रम में सक्रियतापूर्वक अपनी सहभागिता प्रदान कर रहा है तथा इस हेतु पिछले 5 अकादिमक सत्रों अर्थात सत्र 2013–14, 2014–15, 2015–16, 2016–17 एवं 2017–18 (5 अकादमिक सत्रों) के उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं की उपाधि से संबंधित प्रमाण पत्रों तथा छात्र/छात्राओं के Database NAD Portal पर प्रेषित करने की कार्यवाही कर रहा है । अतः प्रथमचरण में गुरू घासीदास विश्वविद्यालय के पिछले 5 अकादमिक सत्रों के उत्तीर्ण छात्र/छात्रायें अपने उपाधि प्रमाण पत्रों का डिजीटल रूप में अवलोकन भी कर सकते है तथा 27 वर्ष की उम्र तक वे इन्हें एक बार Download कर प्रिंट भी ले सकते है ।

उक्त समस्त कार्यवाही अत्यंत प्रारंभिक चरण में है तथा इससे संबंधित Testing का कार्य विश्वविद्यालय द्वारा प्रारंभ किया जा रहा है । पिछले 5 सत्रों की सफलतापूर्वक Testing एवं छात्र/छात्राओं के Database NAD Portal पर अंतिम रूप से प्रेषित किये जाने के उपरांत ही इनका अवलोकन NAD Portal पर किया जा सकता है, किंतु इस हेतु संबंधित छात्र/छात्राओं को NAD Portal पर अपना पंजीकरण करते हुये NAD-ID स्थापित किया जाना होगा तथा इसकी संपूर्ण जानकारी विश्वविद्यालय की परीक्षा शाखा में जमा करनी होगी ।

उक्त प्रक्रिया को आसान एवं सुविधापूर्ण बनाने हेतु परीक्षा शाखा के द्वारा एक प्रारूप तैयार किया गया है जिसे इस पत्र के साथ आपकी ओर संलग्न कर प्रेषित किया जा रहा है । कृपया आप अपने विभाग में उपलब्ध अभिलेखों में दर्ज संबंधित छात्र/छात्राओं से अधिकाधिक संपर्क के माध्यम से संलग्न

प्रारूप को पूर्ण कर परीक्षा शाखा में जमा कराने का कष्ट करें । ''राष्ट्रीय शैक्षणिक निक्षेपागार'' (NAD) से संबंधित और भी महत्वपूर्ण जो भी जानकारियॉ/अभिलेख Online उपलब्ध है उनका कृपया अधिक से अधिक छात्र/छात्राओं को अवलोकन करने हेतु प्रेरित करने का कष्ट करें तथा इस संबंध में जो भी जानकारियॉ और अभिलेख परीक्षा शाखा के द्वारा एकत्रित किये जायेंगे उन्हें समय समय पर आप की ओर ई–मेल के माध्यम से भविष्य में प्रेषित किया जा सकेगा ।

उक्त प्रकिया एवं कार्यकम में संबंधित छात्र/छात्राओं की सहभागिता सर्वाधिक महत्वपूर्ण है तथा NAD Portal पर उन्हें अपने शैक्षणिक रिकार्ड (प्रथमचरण में उपाधि प्रमाण पत्र) का अवलोकन कर एक बार निःशुल्क Download करने की सुविधा तभी प्राप्त हो सकती है जब वे NAD Portal पर अपना पंजीकरण एवं NAD-ID स्थापित कर ले तथा इससे संबंधित प्रामाणिक जानकारियॉ परीक्षा शाखा में जमा करें ।

अधिकाधिक प्रचार प्रसार एवं सहयोग की अपेक्षा के साथ ।

संलग्नः– निर्धारित प्रारूप ।

आदेशानुसार

परीक्षा नियंत्रक ( कार्यवाहक )

कमांकः 179 /परीक्षा/ NAD /2018

बिलासपुर, दिनांक : 04.07.2018

**प्रतिलिपि :–**

01. कुलपति,एवं कुलसचिव जी के निज सचिव/निज सहायक को कुलपति महोदया एवं कुलसचिव जी के सूचनार्थ ।
02. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर को सूचनार्थ एवं अधिकाधिक प्रचार प्रसार की अपेक्षा के साथ प्रेषित ।
03. सहायक कुलसचिव (गोपनीय/अकाद्मिक)/वित्ताधिकारी, गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर को सूचनार्थ ।
04. मीडिया प्रभारी, गुरू घासीदास विश्वविद्यालय की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
05. समन्वयक, आई.टी.प्रकोष्ठ,सी॰एस॰आई॰टी॰ विभाग को वेबसाइट में Upload करने हेतु प्रेषित।
06. कार्यालय प्रति ।

4.7.018

उप–कुलसचिव ( परीक्षा )